संपादकीय

## चीन, चुनौती और चेतावनी

चीन से पेश आ रही चुनौती को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जो कहा है, वह काबिल-ए-गौर है। बेहतर होगा कि सरकार उस पर ध्यान दे- हालांकि आज के माहौल में ऐसा सचमुच होगा, इसकी संभावना न्यूनतम है। राहुल गांधी ने मोटे तौर पर दो बातें कही हैं। पहली यह कि चीन और पाकिस्तान ने मिल कर अब एक मोर्चा बना लिया है। यानी जब कभी युद्ध होगा, तो भारत को इन दोनों देशों के खिलाफ एक साथ लड़ना होगा। दूसरी बात उन्होंने यह कही है कि चीन आर्थिक और तकनीकी रूप से लगातार मजबूत हो रहा है, जबकि भारत में आपसी झगड़े हैं, एक दूसरे खिलाफ नफरत है और भ्रम का माहौल है। दूसरी बात को सत्ताधारी पार्टी अपनी आलोचना समझेगी, इसलिए जाहिर है कि वह पहली बात पर भी ध्यान नहीं देगी। लेकिन यह हकीकत है कि अब दो ढाई मोर्चों (चीन, पाकिस्तान दो पूरे और आतंकवाद आधा) पर युद्ध की बात पुरानी हो चुकी है। पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन ने अपना इतना बड़ा स्वार्थ पैदा कर लिया है कि पाकिस्तान की रक्षा में उसका अपना हित शामिल हो गया है। उधर चीन से युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान को उसी समय अपने रणनीतिक हित साध लेने का मौका नजर आएगा।

इसलिए अगर कभी युद्ध हुआ, तो भारत की सेना को अरुणाचल से लद्दाख और राजस्थान से जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर एक साथ मोर्चा संभालना होगा। अगर भारत ने इस पूरे परिदृश्य को ध्यान में रख कर तैयारी नहीं की तो, जैसाकि राहुल गांधी ने आशंका जताई है, भारत को बड़ा नुकसान हो सकता है। अगर देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति की अवस्था देखें, तो सूरत और चिंताजनक नजर आती है। जब ऐसी चुनौतियां खड़ी हों, तब एक ही रास्ता बचता है कि पूरा देश चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट संकल्प ले और उसके लिए हर कुर्बानी देते हुए तैयारी करे। इस बड़े संकल्प अभियान का नेतृत्व बेशक सरकार और सत्ताधारी पार्टी को ही करना होगा। लेकिन अगर वे देश में हर असहमत आवाज को देशद्रोही करार देने पर तुले हों, यह वाजिब प्रश्न है कि ऐसा करना कैसे संभव हो पाएगा?

# नए साल से पहले ईपीएफओ का तोहफा, मिलेगी ज्यादा पेंशन




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के नवंबर में दिए एक आदेश का पालन करते हुए अब कुछ पेंशनर्स को ज्यादा मिलने का रास्ता साफ कर दिया है। हालांकि 31 अगस्त 2014 तक रिटायर हो चुके पेंशनर्स को इसका लाभ नहीं मिलेगा, जबकि 1 सितंबर 2014 या उसके बाद ईपीएस स्कीम में शामिल हुए लोगों के पास ज्यादा पेंशन पाने का विकल्प होगा। इसके लिए भी ईपीएफओ ने पात्रता और प्रक्रिया से जुडऩे के लिए नियम जारी किए हैं।

ईपीएफओ की हालिया गाइडलाइंस के मुताबिक कर्मचारियों को अब अपनी वास्तविक सैलरी के 8.33 प्रतिशत के बराबर की राशि ईपीएस में जमा कराने का मौका मिलेगा। इसकी अधिकतम सीमा 15,000 रुपये प्रति माह होगी।

ईपीएफओ ने एक नई विंडो ओपन की है। ये ऐसे कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने अपनी नौकरी के समय ईपीएस का मेंबर रहते हुए 5000 रुपये या 6500 रुपये की वेतन सीमा से अधिक पर पेंशन के लिए योगदान किया है।

वहीं ईपीएफओ के अंशधारक रहते हुए जिन्होंने ईपीएस-95 का सदस्य रहते हुए ईपीएस के तहत प्री-एमेंडमेंट स्कीम के ज्वॉइंट ऑप्शन का इस्तेमाल किया है। या फिर वो ईपीएफओ सब्सक्राइबर जिन्होंने इस तरह के विकल्प का चुनाव किया पर ईपीएफओ की ओर से उन्हें मना कर दिया गया।

ईपीएफओ का कहना है कि पात्र लोग अगर ज्यादा पेंशन पाने की इच्छा रखते हैं, तो इसके लिए उन्हें ईपीएफओ के रीजनल ऑफिस जाना होगा, वहां जाकर इसके लिए आवेदन फॉर्म दाखिल करना होगा। साथ ही उचित दस्तावेज भी जमा करने होंगे।

## लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक फीसदी से अधिक तक की वृद्धि



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक जनवरी 2023 से शुरू हो रही तिमाही के लिए किसान विकास पत्र, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र जैसी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक फीसदी से अधिक तक की बढोतरी कर दी है जबकि पीपीएफ स्कीम और सुकन्या समृद्धि योजना जमा की ब्याज दरों में कोई बढोतरी नहीं की गयी है।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र में कहा गया है कि एक जनवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक की अवधि के लिए लघु बचत योजनाओं के लिए नयी ब्याज दरें जारी कर दी गयी है। इसके तहत बचत जमा पर ब्याज दर 4 प्रतिशत यथावत रखी गयी है। एक वर्ष , दो वर्ष और तीन वर्ष के लिए जमा पर ब्याज दरों में 1.1 प्रतिशत की बढोतरी की गयी और अब इनके लिए नयी दरें कमश: 6.6 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत हो गयी है।

इसमें कहा गया है कि पांच वर्ष की जमा राशि के लिए ब्याज दर में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है और अब यह बढकर 7 प्रतिशत हो गयी है। हालांकि पांच वर्ष की रेकरिंग जमा पर ब्याज दर 5.8 प्रतिशत पर यथावत है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की ब्याज दर 0.4 प्रतिशत बढक़र आठ प्रतिशत हो गयी है। मासिक आय खाता योजना पर भी ब्याज दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है और यह अब 7.1 प्रतिशत हो जायेगी। राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र पर ब्याज दर 0.2 प्रतिशत बढक़र 7 प्रतिशत हो गयी है। पीपीएफ पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत तथा सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर 7.6 प्रतिशत पर यथावत है। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर पहले 7 प्रतिशत और 123 महीने की परिपच्ता अवधि थी जो अब बढक़र 7.2 प्रतिशत और परिपच्ता अवधि कम होकर 120 महीने हो गयी है।

## एनडीटीवी में अडानी समूह की हिस्सेदारी बढ़कर 64.71 प्रतिशत




**अहमदाबाद।** अडानी समूह ने एनडीटीवी के संस्थापक प्रणव राय और राधिका राय से कंपनी के 27.26 प्रतिशत शेयरों का अधिग्रहण कर इस टीवी चैनल कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 64.71 फीसदी कर ली है।

अडानी समूह ने एक विज्ञप्ति में बताया कि समूह की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क लिमिटेड ने अपनी अप्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी आरआरबी के माध्यम से श्री प्रणव राय और राधिका राय से ये शेयर खरीदे हैं। इस तरह एनडीटीवी पर अदानी समूह का पूरा नियंत्रण हो गया है।

राय दम्पत्ति एनडीटीवी में अभी पांच प्रतिशत के हिस्सेदार बने हुए हैं।

गौरतलब है कि राय दंपत्ति ने पिछले दिनों अडानी समूह को 27.26 प्रतिशत शेयर बेचने के लिए उसके साथ एक समझौता होने की घोषणा की थी।

## हर जगह आधार कार्ड देना जरूरी नहीं, यूआईडीएआई ने लोगों को दी जरूरी सलाह

**नई दिल्ली।** देश के सभी नागरिकों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड के इस्तेमाल को लेकर अहम सलाह दी है। यूआईडीएआई ने लोगों से कहा कि वे विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए समझदारी से आधार कार्ड का उपयोग करें और उसी स्तर की सावधानी बरतें जो अन्य किसी अहम पहचान प्रमाण पत्र को शेयर करते समय बरती जाती है।

यूआईडीएआई ने एक बयान में कहा कि किसी भी विश्वसनीय संस्था के साथ आधार नंबर या कार्ड शेयर करते समय, उसी स्तर की सावधानी बरती जा सकती है, जो मोबाइल नंबर, बैंक खाता संख्या या पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, पैन, राशन कार्ड, आदि जैसे किसी अन्य दस्तावेज को साझा करते समय करते हैं।




इसमें कहा गया है कि आधार निवासियों की डिजिटल आईडी है और यह नागरिकों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पहचान सत्यापन के एकल स्रोत के रूप में काम करता है। निवासी इलेक्ट्रॉनिक रूप से या ऑफलाइन सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाण-पत्रों को सत्यापित और मान्य करने के लिए अपने आधार नंबर का उपयोग कर सकते हैं।

जहां भी कोई निवासी अपना आधार नंबर साझा नहीं करना चाहता है, यूआईडीएआई वर्चुअल पहचानकर्ता जनरेट करने की सुविधा प्रदान करता है। कोई भी आसानी से आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या यूआईडीएआई पोर्टल के माध्यम से वीआईडी जेनरेट कर सकता है और आधार संख्या के स्थान पर प्रमाणीकरण के लिए इसका उपयोग कर सकता है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने क्लब अल नस्र के साथ किया करार, 1700 करोड़ रुपए से ज्यादा है सैलरी

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल की फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अल नस्र के साथ करार किया। कथित तौर पर इस करार के साथ रोनाल्डो दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने जून 2025 तक के लिए ये करार किया है। अल नस्र ने वित्तीय सौदे का खुलासा नहीं किया, लेकिन रॉयटर्स के मुताबिक रोनाल्डो और क्लब के बीच 200 मिलियन यूरो (1700 करोड़ रुपये) का अनुबंध हुआ है। इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है।

अल नस्र क्लब ने अब तक कुल नौ सऊदी अरब लीग खिताब जीते हैं। आखिरी बार क्लब ने साल 2019 में ये खिताब जीता था। वहीं, रोनाल्डो के साथ तस्वीर साझा करते हुए अल नस्र ने ट्वीट कर लिखा, यह बनने वाले इतिहास से कहीं अधिक है। यह एक हस्ताक्षर है जो न केवल हमारे क्लब को और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा बल्कि हमारे लीग, हमारे देश और आने वाली पीढिय़ों, लडक़ों और लड़कियों को खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित करेगा। आपका अपने नए घर में स्वागत है क्रिस्टियानो रोनाल्डो।




रोनाल्डो एक साल के बाद गल्फ गए हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ तब दूरी बना ली जब उन्होंने कहा कि उन्हें क्लब द्वारा विश्वासघात महसूस हुआ और कोच एरिक टेन हैग के लिए कोई सम्मान नहीं है। जब रोनाल्डो विश्व कप में पुर्तगाल के साथ थे, तब मैनचेस्टर युनाइटेड क्लब ने अपना अनुबंध उनके साथ समाप्त कर दिया। रोनाल्डो ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने यूरोपीय फुटबॉल में वह सब हासिल किया जो मैं कर सकता था और मुझे लगता है कि एशिया में अपना अनुभव साझा करने का यह सही समय है।

## भारतीय फुटबाल महासंघ ने की सात दिन के शोक की घोषणा

**कोलकाता।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी पेले के निधन पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सात दिनों के शोक की घोषणा की है।




एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, फुटबॉल के महान खिलाड़ी पेले के निधन से हम बहुत दुखी हैं और उनकी उपलब्धियों को याद करने के लिए हम सात दिन का शोक मनाएंगे। इस अवधि में एआईएफएफ का झंडा आधा झुका रहेगा।

फुटबॉल की दुनिया के बादशाह का भारत से गहरा नाता है। पेले ने भारतीय उपमहाद्वीप का एक से अधिक बार दौरा किया था। पेले की टीम कासमास ने 1977 में ईडन गार्डन्स में मोहन बागान के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला था।

डॉ. प्रभाकरन ने कहा, हम खुशनसीब हैं कि पेले इतने मौकों पर हमसे मिलने आए हैं। वह आखिरी बार यहां 2018 में आये थे। वह हमेशा चाहते थे कि भारतीय फुटबॉल का विकास हो और उसका भविष्य उज्ज्वल हो।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीन बार के विश्वकप विजेता पेले के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होने कहा पेले ने अपने प्रदर्शन और उपलब्धियों के जरिये दुनिया भर में अनगिनत फुटबाल प्रेमियों को प्रेरित किया। उनके निधन की खबर ने मुझे 2015 में हमारी यादगार मुलाकात की याद दिला दी। इस कठिन समय में मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## जल्द जारी होगा नंदमुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म का गीत




आगामी वर्ष की संक्रांति पर एक बार फिर दक्षिणी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने की तैयारी में लगे अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म का चौथा गीत जल्द ही जारी होने वाला है। इस गीत के बारे में संगीतकार एस.थमन ने संकेत देते हुए कहा कि यह एक रीमिक्स होगा। इस फिल्म के पहले से जारी हो चुके तीन गीतों— सुगुण सुंदरी, जय बलय्या, और माँ बावा मनोभावलु—को श्रोताओं ने बहुत सराहा है। दर्शकों और श्रोताओं को इस फिल्म के 4थे गीत का बेसब्री से इंतजार है। अपने आकर्षक गानों के साथ यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। थमन द्वारा रचित संगीत ने प्रशंसकों से वादा किया है कि चौथा और नवीनतम गीत विंटेज बलय्या नंबर होगा। वीरा सिम्हा रेड्डी गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित एक एक्शन ड्रामा है।

एस थमन ने ट्विटर पर खुलासा किया कि वीरा सिम्हा रेड्डी का चौथा और नवीनतम सिंगल रास्ते में है। उन्होंने कहा कि यह एक विंटेज बलय्या नंबर होगा, यह सुझाव देते हुए कि नया ट्रैक वास्तव में एक रीमिक्स होगा।

वीरा सिम्हा रेड्डी, जिसे पहले एनबीके 107 के नाम से जाना जाता था, एक एक्शन ड्रामा है जिसमें नाता सिम्हा को एक बड़े नए अवतार में दिखाया गया है। कलाकारों में श्रुति हासन, वरलक्ष्मी सरथकुमार और दुनिया विजय शामिल हैं।

## अवतार 2: 100 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाली छठी सबसे तेज फिल्म

जेम्स कैमरून की बहुचर्चित फिल्म अवतार: द वे ऑफ वॉटर इन दिनों सिनेमाघरों में खूब धूम मचा रही है। फिल्म ने अपनी रिलीज के सिर्फ 14 दिनों में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ डॉलर (लगभग 8,200 करोड़ रुपये) का आंकड़ा पार कर लिया है। अवतार 2 100 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाली छठी सबसे तेज फिल्म बन गई है। वहीं इस साल इस फिल्म ने सबसे तेज 100 करोड़ डॉलर की कमाई की है।



अवतार 2 से तेज पांच फिल्मों ने यह आंकड़ा पार किया है। 2019 में आई अवेंजर्स: एंडगेम 100 करोड़ डॉलर का कारोबार करने वाली सबसे तेज (पांच दिन) फिल्म है। इसके बाद 2018 में आई अवेंजर्स: इन्फिनिटी वॉर (11 दिन) है।

## मीठे में बनाएं 'गोभी की खीर'

चावल की खीर तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने गोभी की खीर ट्राय किया है? अगर नहीं, तो यहां जानें इसकी रेसिपी और मेहमानों को खिलाएं कुछ अलग।



**सामग्री :**

1 मीडियम साइज की फूलगोभी, 1.5 लीटर दूध, 250 ग्राम चीनी, 10 काजू, 5 बादाम, 10-15 किशमिश, चिरौंजी, थोड़ा इलायची पाउडर

**विधि :**

- सबसे पहले फूल गोभी को साफ करके कद्दूकस कर लें। कद्दूकस बारीक साइड वाले से करना है।
- अब गोभी को कड़ाही या पैन में दो चम्मच घी डालकर सुनहरा होने तक भून लें। जब गोभी में सोंधापन आने लगे और हल्की ब्राउन हो जाए तो कड़ाही में दूध डाल दें।
- जब दूध रबड़ी जैसा गाढ़ा हो जाए तो इसमें इलायची पाउडर और चीनी डालकर चलाते रहें।
- खीर को गार्निश करने के लिए काजू, बादाम काट लें।
- इसमें चिरौंजी व किशमिश भी मिला दें।
- ध्यान रखें खीर बनाने के लिए मोटी तले का बर्तन ही इस्तेमाल करें। इससे गोभी और दूध बर्तन में चिपकेगा नहीं और खीर जलेगी नहीं।
- गैस की फ्लेम को भी मीडियम और धीमा ही रखें।


## शब्द सामर्थ्य- 298

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 297 का हल



## सू-दोकू- 298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.297 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

**मेष :** आज मन हल्का रहेगा व कार्य योजना सफल रहेगी। अपने वाकचातुर्य से आप कार्य पूर्ण कर लेंगे। खेल जगत से जुड़े जातकों के लिए समय श्रेष्ठ है। यात्रा से लाभ संभव है। व्यापार-व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी।

**वृष :** आज आपका दिन मंगलमय होगा। वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, बने काम बिगड़ सकते हैं। कुछ जगह अपनी सोच को बदलें न कि दूसरों को सोच बदलने की कोशिश करें।

**मिथुन :** आज आपका दिन मिश्रित उतार चढ़ाव वाला रहेगा। संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव है। राज कार्य से जुड़े जातकों के लिए समय मिश्रित फलदायी है। अपने अधिकारों सही दिशा में प्रयोग करें।

**कर्क :** व्यवसाय विस्तार की योजना सफल होगी। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें। खाद्य पदार्थ से जुड़े जातकों के लिए समय अति श्रेष्ठ है। समय रहते पूंजी निवेश कर सकते है। शत्रु वर्ग सक्रिय होगा परन्तु उनको सफलता नहीं मिलेगी।

**सिंह :** आप के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है, इसका लाभ लें। परिजनों से भेंट होगी। अनायास खर्च हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

**कन्या :** आज समय आपके साथ है। धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्म विश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं इसलिए आत्मविश्वास को प्रबल रखें। मन में कई दुविधाएं चल रही हैं तो निर्णय लेने का सही समय है।

**तुला :** आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम होंगे। लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद आज समाप्त हो जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। छात्रों के लिए समय मेहनत करने वाला है। कहीं भी ज्यादा घमंड से नुकसान आप को ही होगा।

**वृश्चिक :** आज आप प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते हैं, पर करते कितना हैं। इस पर ध्यान दें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** आज आपका दिन शुभ होगा। क्या करूं, क्या न करूं, इसी स्थिति से आप गुजर रहे हैं तो शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे है।

**मकर :** आज स्वयं के लिए समय निकाल पाएंगे। आप दूसरों के लिए नकारात्मक न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग हो सकता है। कम समय है, काम ज्यादा इसलिए मन लगा कर अपने कार्य में लग जाएं।

**कुंभ :** आज आप सकारात्मक सोच से उन्नति कर पाएंगे। जो करना है उसके लिए आगे बढ़े। समय की कीमत समझे फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**मीन :** आज मानसिक सन्तुष्टि मिलेगी। कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे कम हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम है। दान पुण्य से मन को शांति मिलेगी।